बीएचयू के स्वतंत्रता भवन में आईआईटी बीएचयू के शताब्दी समारोह और ग्लोबल एलुमिनी मीट का किया उद्घाटन

विकास और नवीन विचारों को बनाएं उत्पाद : सीएम

आईआईटी बीएचयू 100 years साल-बेमिसाल

वाराणसी | निज संवाददाता

बीएचयू के स्वतंत्रता भवन सभागार में आईआईटी बीएचयू के शताब्दी समारोह एवं ग्लोबल एलुमिनी मीट के उद्घाटन सत्र में शनिवार सीएम ने कहा कि उत्तर प्रदेश में तकनीकी विकास के लिए आईआईटी बीएचयू व कानपुर आईआईटी नॉलेज पाटर्नर है।

आईआईटी में महामना डिफेंस कारिडोर सेंटर की स्थापना होगी ताकि देश को मजबूती देने के लिए शिक्षा व उद्योग साथ मिलकर काम करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास और नवीन विचारों को उत्पाद के रूप में ढाला जाएगा।

निराश्रित गोवंश के संरक्षण पर भी करें विचार : मुख्यमंत्री आईआईटी बीएचयू को सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट पर तकनीक विकसित करने के लिए प्रेरित किया। कहा कि निराश्रित गोवंश का संरक्षण कैसे हो, इस पर भी विचार जरूरी है। गोमूत्र, गोबर से बेहतर कम्पोस्ट और ईंधन का उपयोग सरलता हो, इसके लिए भी सरल तकनीक पर शोध होना चाहिए।

स्मारिका का हुआ विमोचनः इस अवसर पर शताब्दी वर्ष की स्मारिका का विमोचन हुआ। आईआईटी के निदेशक प्रो. पीके जैन ने संस्थान की सौ वर्ष की उपलब्धियों का ब्योरा दिया। स्वागत प्रो. नीतिन बंसल तथा धन्यवाद प्रो. अनिल कुमार त्रिपाठी ने दिया।

इस मौके पर गुजरात से भाजपा के प्रदेश सह प्रभारी सुनील ओझा, प्रो. राजीव प्रकाश, कुलसचिव डॉ. एसपी माथुर के साथ ही पुरातन छात्र, शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्वतंत्रता भवन में शनिवार को आईआईटी बीएचयू के स्मारिका का विमोचन करते सीएम योगी आदित्नाथ व अन्य।

आईआईटी बीएचयू के शताब्दी वर्ष समारोह कार्यक्रम के उद्घाटन पर शनिवार को स्वतंत्रता भवन में उपस्थित लोग।

आह्वान

- शिक्षा और उद्योग के साथ मिलकर काम करने से होगा विकास
- गोमूत्र, गोबर का उपयोग करने के लिए खोजें सरल तकनीक
- सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट पर तकनीक विकसित करे आईआईटी

महामना के इंजीनियरों की साख बहुत ऊंची है

वाराणसी। आईआईटी बीएचयू के इंजीनियरों की साख बहुत ऊंची है। यहां से निकली मेधा देश विदेश में परचम लहरा रही है। महामना के व्यक्तित्व का ऐसा प्रभाव है कि बीएचयू का नाम सुनते सिर आदर से झुक जाते हैं। आईआईटी के ग्लोबल एलुमनी मीट व शताब्दी वर्ष समारोह के उद्घाटन समारोह में पुरातन छात्र प्रो. नितिन बंसल ने कहा कि काशी के विकास की बात हो या फिर संस्थान की प्रगति की, पुरातन छात्रों का सहयोग बराबर मिलता है। बताया कि आईआईटी के दो हजार से अधिक पुरातन छात्र अकेले कैलिफोर्निया में हैं।

युवाओं के अविष्कारों की प्रदर्शनी में दिखा स्टार्टअप

वाराणसी | निज संवाददाता

आईआईटी बीएचयू के शताब्दी वर्ष समारोह में तकनीकी दक्ष छात्र-छात्राओं ने अपने आविष्कारों की प्रदर्शनी सजाई है। इसमें चुने गए स्टार्टअप को पुरातन छात्रों का आर्थिक सहयोग मिलेगा।

स्वतंत्रता भवन में शनिवार को अमेजन और इंटेल की तरफ से वर्कशॉप का हुआ। संस्थान के 70 छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और मशीन लर्निंग की जानकारी दी गई। साइंस एंड टेक्नोलॉजी कौंसिल के ओपन हाउस सेशन में संस्थान के टेक्निकल प्रोजेक्ट का प्रदर्शन हुआ। छात्रों ने इन्वेस्टरों को स्टार्टअप की जानकारी दी।

इलेक्ट्रिक वैन से 120 किमी की यात्राः आईआईटी बीएचयू के छात्रों ने एक इलेक्ट्रिक वैन बनाई है। एक बार बैटरी चार्ज करने के बाद इससे 120 किमी की यात्रा जा सकती है। 60 किमी प्रति घंटा की रफ्तार वाली इस वैन की भार क्षमता आठ सौ किलोग्राम है। छात्रों की सोच है कि भविष्य को ध्यान में रखते हुए सस्ती व कारगर वैन बनाई जाए।

डिफेंस कॉरिडोर का शिलान्यास 15 को

वाराणसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आईआईटी बीएचयू के शताब्दी वर्ष समारोह में शनिवार को बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 15 फरवरी को झांसी में डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर का शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश को मजबूत बनाने के लिए रक्षा क्षेत्र में अनुसंधान जरूरी है। उन्होंने कहा कि आईआईटी बीएचयू में भी डिफेंस कॉरिडोर सेंटर की स्थापना होगी।